
# 7.1.1. Gender Equity:




शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
माधवपुरम, मेरठ – 250002 (उ०प्र०)
SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT. GIRLSPOSTGRADUATE COLLEGE
MADHAVPURAM, MEERUT-250002 (U.P)
('B+' Grade Accredited by NAAC)

ANNUAL GENDER SENSITIZATION ACTION PLAN
(2023-24)

1. Execute the Programmes of "Mission Shakti" as directed by U.P. Government.
2. Establish partnerships with other institutions/Industries to provide real-world exposure, internships, and opportunities to the students.
3. To organize workshops/Seminars/ webinars/ rally/ and activities on significant issues related to women's empowerment and gender equality, like- Health, Nutrition, self-defence, self-reliance, safety and security.
4. Conduct professional counselling sessions for the students.
5. Conduct Skill Development workshop for the students to help them develop their skill.
6. Provide free Computer program training to the students to enhance their skill and digital literacy.
7. Student Mentorship Program to be run in more effective way, so students can approach to their mentors in all related issues.
8. Maintenance and Up-gradation of Girls Safety and Security Facilities in the college campus.
9. Awareness program related to Laws and other Legal Provisions for women.
10. Execute the program as per schedule of Institute Innovation Council to foster the culture of innovation among students.
11. To run the sewing training centre to provide sewing training to the students for the purpose of self employment and entrepreneurial development.
12. To organize sports activities and competition to promote students in sports.

(PRINCIPAL)

Coordinator
(IQAC)



शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ


सूचना

मिशन शक्ति समिति के समस्त सदस्यो से अनुरोध है कि उपरोक्त पत्र के संदर्भ में मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत दि. 16.10.2023 से शारदीय नवरात्र के दौरान निम्नवत् कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। कृपया आयोजन में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें –

१. जागरुकता अभियान रैली
२. स्वास्थ्य शिविर
३. वेबिनार/सेमिनार
४. पुलिस विभाग के सहयोग से महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम
५. पोषण और स्वास्थ्य पर कार्यशाला/व्याख्यान
६. कानूनी जागरूकता कार्यक्रम
७. एनजीओ/मनोचिकित्सक के सहयोग से 'चुप्पी तोड़ो' अभियान कार्यक्रम
८. बालिका सुरक्षा शपथ

प्रो. लता कुमार
महाविद्यालय नोडल अधिकारी,
मिशन शक्ति अभियान

प्रो. अंजू सिंह
प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी
मिशन शक्ति अभियान जनपद, मेरठ



कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,माधवपुरम, मेरठ।
परिक्षेत्र–मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल।
दूरभाष/फैक्स 0121–2400444 ई–मेलrheomeerut@yahoo.com वेबसाईटwww.rheomrt.org

पत्रांक/क्षे०का०मे०/ 3140 /2023–24/ दिनांक : 13/10/2023

सेवा में,
प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त राजकीय/अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय,
मेरठ।

विषयः प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु आगामी शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान का शुभारम्भ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या/1407/छ: पृ0–15/2023, लखनऊ, दिनांक 11.10.2023 की छायाप्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।


संलग्नक–उक्तवत।

भवदीय,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ।




**मिशन शक्ति: जागरूकता कार्यक्रम**



शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महि
SHAHEED MANGAL PANDEY GO
MADHAVPURAM, I
(Affiliated to Ch. Char
('B'' Grade Re-accredited by NAAC)

Email:dr.sudharanisingh@gmail.com
Regd./Parcel
Dated-28.08.2023

Memo/ Women Cell/2023

To,

Indian Army's Northern Command.
Group Headquarters, Udhampur-182101.

Sub- Sending of students made rakhies for officers & jawans deployed at borders, stations & LOC.

Sir,

Respectfully, in order to celebrate "Rakhi Comptetition" under Women Cell, rakhies which are full of national spirit, emotions and patriotic feelings are prepared by college students with their own hands for officers and jawans of Indian Army posted at the border stations & LOC.

I am hereby directed to send above rakhies to the officers and jawans with this request that above be forwarded to the officers and jawans. Hoping your acceptance with zeal and fervour and kly. acknowledge receipt on my above noted email. All of us from here pay homage to martyrs and salute Indian Army.

With integrity, fraternity & regards.

Enc.- Rakhies.

Yours Faithfully,

(Pro.(Dr.) Anju Singh)
Principal

(Dr. Sudha Rani Singh)
D.Litt.
Professor and HOD Hindi,
Officer I/C, Women Cell.
Shaheed Mangal Pande Govt. Girls P.G. College,
Meerut-250002, U.P., India.

49



2 दैनिक आज का बुलेटिन — मेरठ शनिवार 26 अगस्त, 2023

# राखी बनाओ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

आज का बुलेटिन अतुल माहेश्वरी


मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में श्सैनिकों के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कला संकाय, विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय की अधिसंख्य छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया । छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की आस्था और श्रद्धा के प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पुनीत अवसर पर रंगीन धागों, कागजों, चार्ट पेपरों, मोतियों और सितारों आदि से सुसज्जित मनोहर राखियां तैयार की जिससे उनकी प्रतिमा और देशभक्ति की भावना का पता चलता है। प्रतियोगिता में कु0 श्रुति दीपन ने प्रथम, श्वेता यादव ने द्वितीय, कशिश चड्ढा एवं केसर ने तृतीय स्थान तथा कु0 प्राची ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया इसके अतिरिक्त तान्या, कंचन, खनक, श्वेता, मन्नू, अदिति, दीपा, मानसी, मोनिका, सलोनी, खुशी, साक्षी, गरिमा, वैशाली आरजू, प्रिया, खुशी, खुशबू तथा रश्मि आदि छात्राओं ने भी बड़े जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो0 (डॉ0) सुधारानी सिंह, डी0 लिट्0, हिंदी विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया। डॉ0 सिंह ने कहा कि छात्राओं द्वारा बड़े ही उत्साह से तैयार की गई मनोहर राखियां देश की सीमा पर तैनात वीर,बहादुर सैनिक भाइयों को डाक द्वारा प्रेषित की जाएगी जिससे इस रक्षा पर्व पर उनकी कलाइयां सूनी न रहें। यह राखियां निश्चित रूप से हमारे सिपाहियों में एक नये जोश और उत्साह का संचार करेंगी इनसे उन्हें आत्मिक बल मिलेगा और अपनेपन का एहसास होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) अंजू सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में छुपी हुई प्रतिभा तो प्रदर्शित होती ही है साथ ही उनमें अपने देश के प्रति प्रेम का भाव भी बलवती होता है ।

कार्यक्रम में डॉ0 मोनिका चौधरी एवं डॉ0 रंजन कुमार ने निर्णायक की महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम में प्रो0 भारती दीक्षित एवं डॉ0 आवेश कुमार का सक्रिय योगदान रहा।

**सैनिको के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता**

शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ।
SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT. GIRLS POST GRADUATE COLLEGE
MADHAVPURAM, MEERUT-250002 (U.P)
(Affiliated to Ch. Charan Singh University, Meerut)
("B+" Grade Re-accredited by NAAC)

**सूचना** दिनांक–23.08.2023

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 26.08.2023 को प्रातः 11:30 बजे **'महिला समानता दिवस'** के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। अतः उक्त रैली में समस्त छात्राएं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

प्राचार्य
श०मं०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
माधवपुरम, मेरठ

डॉ० सुधारानी सिंह, डी० लिट्0
(डॉ० सुधारानी सिंह)
डी० लिट्०
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी
श०मं०पा० राजकीय महिला पी०जी० कॉलेज
मेरठ।

# मेरठ की आवाज

संपादक- रवि ठाकुर 7457008773

BREAKING NEWS

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया महिला समानता दिवस



मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "महिला समानता दिवस" के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर (डॉ0) सुधारानी सिंह, डी0 लिट्0, हिंदी विभागाध्यक्ष द्वारा जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। उन्होंने जोरदार नारे लगाते हुए माधवपुरम में महिला समानता हेतु जन जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ प्राचार्य महोदया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। महिलाएं और पुरुष दोनों बराबर महत्व रखते हैं, दोनों एक दूसरे के पूरक हैं, एक के बिना दूसरा अधूरा है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं बशर्ते उन्हें अवसर दिया जाए। रैली में प्रोफेसर भारती दीक्षित, प्रो0 मोनिका चौधरी, प्रो0 अनीता गोस्वामी, प्रो0 स्वर्णलता कदम, डॉ0 मनीषा भूषण, सहित महाविद्यालय के कई प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

(डॉ० सुधारानी सिंह)
डी० लिट्०
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी
श०मं०पा० राजकीय महिला पी०जी० कॉलेज
मेरठ।

प्राचार्य
श०मं०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
माधवपुरम, मेरठ

2 दैनिक आज का बुलेटिन — मेरठ रविवार 27 अगस्त, 2023

# जनजागरुकता रैली का आयोजन

आज का बुलेटिन अतुल माहेश्वरी



मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला समानता दिवस् के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर (डॉ0) सुधारानी सिंह, डी0 लिट्0, हिंदी विभागाध्यक्ष द्वारा जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया । रैली में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। उन्होंने जोरदार नारे लगाते हुए माधवपुरम में महिला समानता हेतु जन जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ प्राचार्य महोदया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। महिलाएं और पुरुष दोनों बराबर महत्व रखते हैं, दोनों एक दूसरे के पूरक हैं, एक के बिना दूसरा अधूरा है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं बशर्ते उन्हें अवसर दिया जाए।

रैली में प्रोफेसर भारती दीक्षित, प्रो0 मोनिका चौधरी, प्रो0 अनीता गोस्वामी, प्रो0 स्वर्णलता कदम, डॉ0 मनीषा भूषण, सहित महाविद्यालय के कई प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

(डॉ० सुधारानी सिंह)
डी० लिट्०
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी
श०मं०पा० राजकीय महिला पी०जी० कॉलेज
मेरठ।

प्राचार्य
श०मं०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
माधवपुरम, मेरठ

**प्रतियोगिता: कार्यस्थल पर महिला समानता**

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ।

सूचना  दिनांक 18.1.2024

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.1.2024 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में ,"खुला मंच" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम में छात्राएं अपने विचार, अपना कोई अनुभव, कोई सुझाव या किसी भी घटना का जिक्र मंच पर आकर साझा कर सकती हैं। प्रतिभाग करने की इच्छुक छात्राएं अपना नाम महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो0 सुधा रानी सिंह, डी0 लिट्0 के पास दिनांक 23.1.2024 तक अवश्य अंकित करा दें।

समय- प्रातः 11:00 बजे

स्थान- हिन्दी विभाग

प्राचार्य
श०मं०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
माधवपुरम, मेरठ

प्रो0 सुधा रानी सिंह डी0 लिट्0
हिन्दी विभागाध्यक्ष

# राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन, प्रिया रही प्रथम



मेरठ। शहीद मंगल पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा मिशन शक्ति समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्याख्यान और छात्राओं द्वारा विचार प्रस्तुतीकरण हेतु स्वरचित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की 11 छात्राओं ने प्रतिभाग किया और स्वरचित कविताओं का वाचन किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने छात्राओं को बालिका दिवस की शुभकामनाएँ दीं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया पाल, द्वितीय स्थान सलोनी वर्मा तथा तृतीय स्थान राखी ने प्राप्त किया। इसके साथ ही उमा, नेहा, तनु, स्वाति, शिवानी आदि ने भी स्वरचित कविता प्रस्तुत की।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

श० मं० पा० रा० महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ।

सूचना  दिनांक 20.11.2023

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.11.2023 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य में महिला प्रकोष्ठ एवं मिशन शक्ति के तत्वावधान में **पोस्टर प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की इच्छुक छात्राएं अपना नाम दिनांक 23.11.2023 तक **प्रो0 (डॉ0) सुधारानी सिंह डी0 लिट्0**, हिंदी विभागाध्यक्ष के पास अंकित कराना सुनिश्चित करें।

**प्रतियोगिता का समय–** 12:00 बजे

**स्थान–** कक्ष संख्या 3

प्राचार्य
श०मं०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
माधवपुरम, मेरठ

प्रो0 (डॉ0) सुधारानी सिंह डी0 लिट्0
हिंदी विभागाध्यक्ष



<table>
<tr>
<td>
</td>
<td>

7 दैनिक जनवाणी मेरठ, सोमवार, 27 नवम्बर 2023 मेरठ

www.dainikjanwani

**महिला प्रकोष्ठ ने कराई पोस्टर प्रतियोगिता**

मेरठ: माधवपुरम में स्थित शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को महिला प्रकोष्ठ एवं मिशन शक्ति के तत्वावधान में महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में अनेक छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग लिया। वहीं प्रकोष्ट के पदाधिकारियों ने विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह सहित रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रतिश कुमार पार्षद, दीपक वर्मा, उद्योगपति कुलदीप शर्मा एवं शुभम मित्तल ने अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर अपने विचार रखे। छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन कर विजेता छात्रों को बधाई दी। छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सुधारानी सिंह द्वारा किया गया।

प्राचार्य
श०मं०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

(डॉ० सुधारानी सिंह)
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी
श०मं०पा० राजकीय महिला पी०जी० कॉलेज
माधवपुरम, मेरठ।</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="2">अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="2">
</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="2">व्याख्यान: महिला स्वास्थ्य: समस्या और समाधान</td>
</tr>
</table>



**विक्रमण**

Email-vikramanmeerut@gmail.com

सम्पादकः सुशील गांधी मो0 [redacted] मेरठ, 15 फरवरी 2024 हिन्दी समाचार पत्र

## श.मं.पा. राजकीय महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

विक्रमण संवादाता मेरठ। श०मं०पा० राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ में साइबर स्वास्थ्य क्लब के तत्वावधान में साइबर जागरुकता पखवाड़ा के समापन पर एक जागरुकता रैली का आयोजन एनसीसी इकाई द्वारा किया गया। शासन के साइबर स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डा. अंजू सिंह एवं 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, मेरठ के कमान अधिकारी कर्नल महेश चौहान के संरक्षण तथा लैफ्टि० डा० लता कुमार के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डा. अंजू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर माधवपुरम सेक्टर दो से होकर सेक्टर चार होती हुई महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में साइबर स्वास्थ्य क्लब सह-प्रभारी डा. ऋचा राणा, समिति सदस्य डा. शालिनी वर्मा एवं डा. गौरव ने भी सहभागिता की और आयोजन में सहयोग किया। रैली में कैडेट्स ने जागरूकता नारों को तखती पर लिख कर नारे लगाते हुए जनसम्पर्क किया तथा लोगों को मोबाइल सुरक्षित रखने, साइबर धोखाधड़ी से बचने, मोबाइल में एंटीवायरस अपडेट करने संबंधी जागरुकता नारे लगाये। रैली में 25 एनसीसी कैडेट्स सहित बीएड की छात्राओं ने सहभागिता की। महाविद्यालय प्राचार्य डा० अंजू सिंह ने कैडेट्स को साइबर सुरक्षा जागरुकता को सभी को समझाने के लिए कहा। एनसीसी अधिकारी लैफ्टि० डा० लता कुमार ने कैडेट्स को अपने परिजनों व पड़ोसियों, मित्रों तथा रिश्तेदारों को भी साइबर स्वास्थ्य जागरुकता के बारे में बताने और इंटरनेट सुरक्षा के नियम अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा।



Meerut city | My City

### निबंध प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम

निबंध प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला कॉलेज में 'साइबर अपराध एवं नियंत्रण' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका पांडे, द्वितीय स्थान सुप्रिया तिवारी एवं तृतीय स्थान पर इति मित्तल रहीं। प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने विजेता छात्राओं को प्रमाणपत्र दिए। कार्यक्रम का आयोजन समिति सहसंयोजक डॉ. ऋचा राणा ने किया। निर्णायक डॉ. शालिनी वर्मा एवं गौरव रहे। इस दौरान डॉ. लता कुमार आदि मौजूद रहीं। संवाद

02 Feb MRT inext

### 'साइबर अपराध को रोकें युवा'

साइबर अपराध रोकें

जागरण

सजग होकर साइबर अपराध रोकें युवा

दैनिक पश्चिम पुकार 02 फरवरी 2...

पश्चिम पुकार 6

### साइबर अपराध पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

2 - feb - 2024Ureshiya DU

### साइबर अपराध एवं नियंत्रण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**महाविद्यालय में साइबर स्वच्छता पखवाडा (01 फरवरी से 15 फरवरी) के अंतर्गत साइबर क्लब द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन (01-02-2024)**

## साइबर सुरक्षा

# छात्राओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

आज का बुलेटिन अतुल माहेश्वरी

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ की करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल, अर्थशास्त्र विभाग एवं विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उत्तर प्रदेश शासन) के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र, मेरठ के उप आयुक्त श्री दीपेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि करियर काउंसलर ललित कुमार, सेवायोजन विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोव अंजु सिंह एवं उपस्थित अन्य अतिथि गण के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण करके किया गया ।मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता दीपेंद्र कुमार ने छात्राओं को रोजगार के अवसर एवं महिला उधमिता के बारे में जानकारी दी और कहा कि जिला उद्योग केंद्र, मेरठ से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर वाले बने। उन्होंने कहा कि सरकार उद्यिता को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त एवं मार्केटिंग की सहायता प्रदान कर रही है और एक जिला एक उद्योग कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के द्वारा देश और प्रदेश दोनों को ही आगे बढ़ाया जा सकता है और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को समझना चाहिए और उन्हें उद्यिता निखारने में प्रयासरत रहना चाहिए। विद्यार्थी जीवन अमूल्य है। जिसके प्रतिक्षण विद्यार्थियों को स्वयं के मूल्यांकन और स्वयं को आत्म अवलोकन करते हुए उन्नति के पथ पर अग्रसर होने में व्यतीत करना चाहिये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह ने सभी छात्राओं को कार्यशाला में उपस्थित होने के साथ-साथ व्याख्यान से कुछ सीखने और उसको अमल करने की प्रेरणा देते हुए कार्यशाला के सफलतापूर्वक संपन्न होने की शुभकामना दी। विशिष्ट अतिथि काउंसलर ललित कुमार, लाइब्रेरियन ने सेवायोजन विभाग की संचालित योजनाओं एवं पोर्टल पर पंजीकरण करने के बारे मे विस्तार से बताया।




अंत में कार्यक्रम की संयोजक एवं रोजगार प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो भारती दीक्षित ने उपस्थित सभी अतिथि गण का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजगार प्रकोष्ठ की सह समन्वयक डॉव पूनम भंडारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रोव मंजू रानी का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉव राम चंद्र सिंह , डॉव मनीषा भूषण, डॉव दीपा के साथ अन्य प्राध्यापक गण भी उपस्थित रहे। छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।




आत्म प्रशिक्षण कार्यशाला








अमर उजाला 05

जैविक खेती के बारे में बताया

ऑर्गेनिक किचन गार्डन तैयार कर रसायन मुक्त सब्जियों का आनंद लें

जैविक खेती की दी जानकारी

मेरठ : शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर कालेज मे सोमवार को ईको क्लब के अंतर्गत छात्राओ को जैविक खेती की जानकारी दी गई। बताया कि किचन गार्डन तैयार कर रसायन मुक्त सब्जियां प्राप्त की जा सकती है। इन्हे छत पर भी ग्रो बैग मे उगाया जा सकता है। प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह, डा. एसपीएस राणा, डा. वैभव शर्मा और डा. सुशील कुमार उपस्थित रहे।

## ऑर्गेनिक किचन गार्डन तैयार कर रसायन मुक्त सब्जियों का आनंद लें

*ऑर्गेनिक किचन गार्डन तैयार कर रसायन मुक्त सब्जियों का आनंद लें।* आज दिनांक 29 जनवरी 2024 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में ईको-क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो डॉ अंजू सिंह ने छात्राओं को ऑर्गेनिक फार्मिंग के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ ग्रो बैग में कैसे सब्जियां उगा कर अपना किचन गार्डन तैयार कर सकते हैं। जिससे हम रसायन से मुक्त ऑर्गेनिक सब्जियों का आनंद ले सकते हैं। इसे बहुत ही कम जगह में छत पर भी ग्रो बैग में सब्जियों को उगा सकते हैं। पत्तागोभी, ब्रोकली, फ्रांस बीन, टमाटर, बैगन आदि की पौध एवम् बीजारोपण ग्रो बैग में कैसे करते हैं, प्राचार्या द्वारा छात्राओं को सिखाया।कार्यक्रम का आयोजन डॉ कुमकुम ने किया। इस अवसर पर डॉ एस पी एस राणा, डॉ वैभव शर्मा, डॉ सुशील कुमार सहित सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
|  |  |

कौशल विकास